भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 1615
सोमवार, 4 अगस्त, 2025 (13 श्रावण, 1947, (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

एआई-171 दुर्घटना की प्रारंभिक रिपोर्ट

1615. श्री येरम वेंकट सुब्बा रेड्डीः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि अहमदाबाद में एआई-171 दुर्घटना की प्रारंभिक रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि उड़ान भरने के तुरंत बाद विमान के दोनों इंजनों के फ्यूल कंट्रोल स्विच बंद कर दिए गए थे;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इससे संकेत मिलता है कि विमान को दुर्घटनाग्रस्त करने और लोगों की जान लेने के लिए तोड़फोड़ की संभावना हो सकती है;

(घ) क्या यह सच है कि प्रारंभिक रिपोर्ट से यह भी पता चलता है कि विमान से किसी पक्षी के टकराने या मौसम संबंधी कोई समस्या नहीं थी; और

(ङ) यदि हाँ, तो क्या सरकार तोड़फोड़ के दृष्टिकोण से भी दुर्घटना की जाँच कर रही है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ङ): वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) ने वायुयान (दुर्घटनाओं और घटनाओं की जांच) नियमावली, 2017 के नियम 11 के तहत दिनांक 12.06.2025 को अहमदाबाद में एअर इंडिया की उड़ान एआई-171 की दुर्घटना के संभावित कारण (कारणों)/योगदायी कारक (कारकों) का निर्धारण करने के लिए अन्वेषण आरंभ किया है।

उपलब्ध तथ्यात्मक जानकारी के आधार पर एएआईबी द्वारा दिनांक 12 जुलाई, 2025 को एक प्रारंभिक रिपोर्ट प्रकाशित की गई है और यह उनकी वेबसाइट www.aaib.gov.in पर उपलब्ध है। प्रारंभिक रिपोर्ट में किसी निष्कर्ष का उल्लेख नहीं है और अन्वेषण अभी भी चल रहा है।

दुर्घटना के संभावित कारण (कारणों)/योगदायी कारक (कारकों) का निर्धारण करने के लिए प्रत्येक पहलू पर विचार किया जा रहा है।

******